

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के जरिए निकाल ली लाखों की अनुग्रह राशि

## संबल योजना में लाखों रुपए की हेराफेरी के गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने जनसुनवाई में की शिकायत

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 नवम्बर. जिले में संबल योजना में बड़ा घोटाला सामने आया है. जिले की नागौद जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रहिकवारा में जिंदा लोगों को मृत दिखाकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के जरिए लाखों रुपये की हेराफेरी की गई. इस मामले में ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव, पीसीओ और जनपद पंचायत के सीईओ की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।**

जिले में इंसानियत और सिस्टम दोनों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. श्रमिक परिवारों को आर्थिक सहारा देने के लिए शुरू की गई संबल योजना भ्रष्टाचारियों के लालच की भेंट चढ़ गई. ग्राम पंचायत रहिकवारा में जिंदा लोगों को मरा हुआ बताकर सरकारी खजाने से लाखों रुपये हड़प लिए गए. मामला जनपद पंचायत नागौद के अंतर्गत आने वाली रहिकवारा पंचायत से जुड़ा है. आरोप है कि पंचायत के तत्कालीन सचिव, पीसीओ और सीईओ ने मिलकर फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाए और योजना की अंत्येष्टि एवं अनुग्रह राशि का गबन किया. ग्रामीणों का कहना है कि ये सभी अधिकारी मिलकर सरकारी धन की हेराफेरी में शामिल हैं. मामला अब जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर तक पहुंच चुका है.



### कड़ी कार्रवाई की मांग

ग्रामवासियों का कहना है कि यह मामला किसी साधारण गलती का नहीं, बल्कि सोची-समझी धोखाधड़ी का है. उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत के अधिकारियों ने मिलकर गरीबों की हक की रकम हड़प ली. ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे घोटाले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए.

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : सिंह

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जनसुनवाई में शिकायत दर्ज हुई है. उन्होंने कहा कि हमने जांच के निर्देश दिए हैं. दोषी पाए जाने पर सभी जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. यदि अन्य स्थानों से भी ऐसे मामले सामने आते हैं, तो उनकी भी जांच कराई जाएगी.

### केस 1 : जिंदा सज्जन चौधरी को दिखाया मृत

रहिकवारा पंचायत के सज्जन चौधरी, पिता मारू चौधरी को मृत दिखाकर उनके नाम पर 10 जनवरी 2021 को 5,000 रुपये की अंत्येष्टि राशि और 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि निकाली गई. चौंकाने वाली बात यह है कि सज्जन चौधरी आज भी जीवित हैं और खुद इस गड़बड़ी की शिकायत लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं.

### केस 2 : गनपत कुशवाहा के नाम पर भी हेराफेरी

इसी तरह, गनपत कुशवाहा पिता रामदुलारे कुशवाहा को भी मृत घोषित कर दिया गया. 14 जनवरी 2020 को उनके नाम पर 5,000 रुपये अंत्येष्टि और 2 लाख रुपये अनुग्रह राशि आहरित कर ली गई. बताया जा रहा है कि यह पूरी रकम पंचायत के सचिव और पीसीओ की देखरेख में निकाली गई थी.

### केस 3 : मृतक की राशि भी गलत खाते में

रामचरण चौधरी पिता ललुआ चौधरी की वास्तविक मृत्यु 12 अप्रैल 2020 को हुई थी. लेकिन उनके परिवार को योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि न देकर किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दी गई. इस खुलासे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है.

# जिले से अपहृत 2 बालिकाएं पुणे और सिलवाडा में मिलीं

## 3 इनामी आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

नवभारत न्यूज

**सतना 4 नवंबर. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र से अपहृत 2 बालिकाएं महीने भर बाद महाराष्ट्र के पुणे और सिलवाडा में मिलीं. पुलिस ने दोनों बालिकाओं को दस्तयाब करने के साथ ही अपहरण और दुष्कर्म के 3 ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पिता द्वारा अपनी लड़की की गुमशुदगी की शिकायत 6 अक्टूबर को की गई थी. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर लड़की की तलाश शुरु की गई. लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई. जिसे देखते हुए पुलिस कप्तान हंसराज सिंह द्वारा गुमशुदा लड़की की बरामदगी और उसे बहला-फुसला कर भगा ले जाने वाले आरोपी की गिरफ्तारी पर ईनाम 10 हजार रु की घोषणा कर दी. पुलिस द्वारा लड़की की तलाश की जा रही थी कि इसी दौरान साइबर सेल के माध्यम से उसके पुणे महाराष्ट्र में होने की जानकारी सामने आई. जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित कर रवाना कर दी गई. स्थानीय पुलिस के सहयोग से लड़की को दस्तयाब कर लिया गया. लड़की ने अपने कथन में बताया कि 45 वर्षीय व्यक्ति विनीत भारती निवासी नकतरा मैहर उसे अपने साथ मैहर लेकर आया था. जहां पर विनीत ने उसे 21 वर्षीय युवक प्रशांत कुमार साकेत निवासी नकतरा को सौंप दिया. प्रशांत उसे अपने साथ पुणे ले गया. जहां पर रखते हुए प्रशांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया. यह जानकारी सामने आते ही पुलिस ने विनीत और प्रशांत दोनों को दबोच लिया.

### पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई

इसी तरह के दूसरे मामले में फरियादी पिता द्वारा 3 अक्टूबर को अपनी बेटी की गुमशुदगी की शिकायत की गई थी. इस मामले में भी पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिका की दस्तयाबी और आरोपी की गिरफ्तारी पर ईनाम 10 हजार की घोषणा की गई थी. साइबर सेल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने महाराष्ट्र के कोने सिलवाडा में स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश दी. जहां पर बालिका को दस्तयाब करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. बालिका ने अपने कथन में पुलिस को बताया कि भगा ले जाने के बाद आरोपी द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया.

### बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संगत का पुर्णिमा कार्यक्रम आज

**सतना, 4 नवम्बर.** 5 नवंबर बुधवार को बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संगत जिला सतना के तत्वावधान में जिला कार्यालय उतैली सतना में पुर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संगत जिला सतना के सम्पर्क प्रभारी उमेश चंद्र श्रीवास्तव अमृत ने बताया कि सुबह 10 बजे से 10.30 बजे नामध्वनी, 10.30 बजे से 1 बजे तक सुमिरन ध्यान भजन,1 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक अति आवश्यक संदेश दिया जाएगा और भण्डारा प्रसाद 2 बजे से किया जायेगा।

# बैकों में स्वरोजगार स्थापना के 50 फीसदी आवेदन अभी भी लंबित

## संभागायुक्त की समीक्षा बैठक में सामने आया तथ्य, लक्ष्य के मुताबिक आवेदन भी नहीं भेज पाए अधिकारी

नवभारत न्यूज

**सतना 04 नवम्बर. स्वरोजगार स्थापना की पहल की सतना-मैहर जिले में यह स्थिति है कि अधिकारियों ने तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक बैंकों में 1823 आवेदन लक्ष्य से कम पहुंचे हैं. दूसरी तरफ बैंकों का भी इस मामले में जो रुख सामने आया है उसमें 8950 भेजे गये आवेदनों में तकरीबन 50 फीसदी यानी 4969 बिचाराधीन हैं.**




इस बात का खुलासा सोमवार को संभागायुक्त बी.एस जामोद की मौजूदगी में हुई समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया. इस मौके पर सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, मैहर कलेक्टर रानी बाटड, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, संयुक्त संचालक रीवा श्री मालवीय, एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो. कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, एलडीएम गौतम शर्मा, एसबीआई और मध्यांचल ग्रामीण बैंक के जीएम तथा नोडल बैंकों के अधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे. बैठक के दौरान कमिश्नर रीवा संभाग श्री जामोद ने कहा कि शासकीय स्वरोजगार की योजनाओं के माध्यम से थोडी सी आर्थिक मदद कर हितग्राहियों सहित पूरे परिवार का जीवन स्तर सुधारा जा सकता है। स्वरोजगार से जुडे विभागों के अधिकारी और बैंकर्स हितग्राहियों को स्वरोजगार दिलाने संवेदनापूर्वक सकारात्मक भाव से कार्य करें। सतना और मैहर जिले में विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं में 10 हजार 773 हितग्राहियों के लक्ष्यानुसार अब तक विभागों द्वारा 8950 हितग्राहियों के प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित किये गये हैं। जिनमें 3981 प्रकरणों में स्वीकृति प्रदान की गई है। कमिश्नर ने बैंकों में स्वीकृति के लिए लंबित प्रकरणों के कारणों की जानकारी ली और बैंकों को लक्ष्य के अनुरूप 15 नवम्बर तक स्वीकृति प्रदान कर वितरण की स्थिति में लाने के निर्देश भी दिये।

# सीमा पार से लाया जा रहा पेट्रोल-डीजल जब्त

▶ पिकअप पर लदे 2 ड्रम में भरा था 300 ली. ज्वलनशील पदार्थ

नवभारत न्यूज

**सतना 4 नवंबर. उप्र में अपेक्षाकृत कम टैक्स होने के कारण पेट्रोल और डीजल के दाम में लगभग 10 रु प्रति लीटर का अंतर होता है.**

इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ लोग उप्र में सीमा के पास संचालित पंप से थोकबंद पेट्रोल-डीजल की खरीदी कर लेते हैं और



उसे मप्र में लाकर बेचते हुए मुनाफा कमाते हैं. इसी कड़ी में जिले के बरौंधा थाने की पुलिस ने पिकअप के जरिए लाया जा रहा 300 लीटर अवैध डीजल-पेट्रोल जब्त कर लिया. धारकुण्डी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को ममुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि पिकअप के जरिए डीजल-पेट्रोल की तस्करी की जा रही है. सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने धारकुण्डी तिराहे पर घेराबंदी कर दी. इसी दौरान एक पिकअप वाहन आता नजर आया. जिसे जांच के लिए रोका गया. जांच करने में पिकअप में दो बड़े ड्रम रखे मिले. जिसमें से एक में 150 लीटर पेट्रोल और दूसरे में 150 लीटर डीजल भरा मिला. इस संबंध में वाहन चालक और सवार से दस्तावेज मांगे गए. लेकिन उनके पास पेट्रोल-डीजल का परिवहन करने का कोई दस्तावेज नहीं मिला. जिसे देखते हुए पुलिस ने अवैध पट्रोल और डीजल सहित पिकअप वाहन को जब्त कर लिया. इसके साथ ही पिकअप चालक और सवार विकास वासुदेव 22 वर्ष और तरुणेंद्र सिंह पटेल 25 वर्ष दोनों निवासी सेमरिया रीवा के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस और 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है.

# पिट्ठू बैग में रख बेच रहा था गांजा

नवभारत न्यूज

**सतना 4 नवंबर. नशे के विरुद्ध जारी अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत मैहर जिले की अमदरा थाना पुलिस द्वारा 880 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.**

अमदरा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए गांजा बेचे जाने की सूचना मिली थी. जिसके आधार पर पुलिस टीम ग्राम झुकेही पहुंच गई. जहां पर काफी देर तक तलाश करने के बाद जब पुलिस टीम भट्ठा रोड पर एकांत स्थान पर पहुंची तो वहां पर एक व्यक्ति पिट्ठु बैग लिए नजर आया. पुलिस को देखते ही उसने भागने का प्रयास किया. लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया. तलाशी लिए जाने पर पिट्ठु बैग में 880 ग्राम गांजा पाया गया. जिसकी कीमत 9 हजार रु आंकी गई. पूछताछ में व्यक्ति ने बताया कि वह पिट्ठु बैग में गांजा लेकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा था. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपी राजकुमार बेड़िया उम्र 38 वर्ष निवासी पकरिया के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए कार्रवाई की.

# पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने बनाई कहानी

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 नवम्बर. शराब पीकर घर पहुंचने पर जब पत्नी ने आपत्ति जताई तो पति ने विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान पति ने बुरी तरह मारपीट करते हुए पत्नी को गंभीर तौर पर घायल कर दिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में हालांकि पति ने बचने के लिए बहाना भी बनाया। लेकिन पीएम रिपोर्ट में खुलासा होने से हत्या का खुलासा हो गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिरगांव थाना सिविल लाइन निवासी सोनू आदिवासी 30 वर्ष का पति दिलेश आदिवासी 35 वर्ष, 3 नवंबर की रात शराब पीकर घर पहुंचा। पत्नी ने शराब की बात पर कहासुनी की तो पति ने नाराज होकर पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। कुछ देर बाद पत्नी ने पति से कहा वो मायके जा रही है तो पति आग बबूला हो गया बौखलाए पति ने पत्नी के साथ मारपीट करते हुए बाल पक?कर जमीन पर सर को कई बार जोर जोर से पटक दिया। जिससे पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था मे पति पहले पत्नी को आसपास के गांव में झा?फूंक कराने ले गया। जब वहाँ पर आराम नही मिला तो देर रात जिला अस्पताल लेकर पहुंचा और डक्टरों को सर में दर्द होने की कहानी बताई। डियूटी डाक्टर द्वारा भर्ती कर इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान सुबह महिला ने दम तो? दिया। इसी दौरान पति सिविल लाईन थाने पहुंचा और सर में दर्द की कहानी बताकर मर्ग कायम करा लिया। लेकिन जब मंगलवार को शार्ट पीएम रिपोर्ट आई तो उसमें खुलासा हुआ की महिला के सर में मारपीट की गम्भीर चोट पाई गई है। जिसे देखते हुए सिविल लाईन पुलिस ने पति से क?ाई से पूछताछ की तो पति ने मारपीट की बात कुबूल ली। लिहाजा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।




# व्यापार मेले की सांस्कृतिक संध्या में शामिल होगा सर्व समाज : सुखेजा

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 नवम्बर. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, सतना के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 11 दिवसीय विन्ध्य व्यापार मेला 2025 की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।**

यह भव्य मेला 19 दिसंबर से 29 दिसंबर तक बी.टी.आई. ग्राउंड, रीवा रोड, सतना में आयोजित किया जाएगा। बैठक में मेले के प्रमुख सांस्कृतिक आकर्षण विन्ध्य संस्कृति संगम - अपनी परम्परा, अपनी पहचान के आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि मेले के अंतर्गत एक विशेष सर्व समाज सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि पारंपरिक नृत्य, संगीत और लोक संस्कृति से ओत-प्रोत मंचीय प्रस्तुतियाँ देंगे। सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता की पुष्टि करते हुए एक सुर में कहा कि यह आयोजन एकता में विविधता का सशक्त संदेश देगा। समिति ने यह भी बताया कि इस वर्ष मेले में स्थानीय कला, संस्कृति और परंपराओं को विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे मेले का स्वरूप और भी भव्य एवं आकर्षक बनेगा।

### एक नजर में



#### महापौर योगेश कुमार ताम्रकार का औचक निरीक्षण

**सतना.** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 बद्रीपुरम कॉलोनी के विभिन्न स्थलों पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए स्वयं निर्माण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता के मापदंडों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र कुशवाहा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.




#### प्रो. सिकरवार को आईबीएस एक्टिव पार्टिसिपेशन पुरस्कार

**सतना।** ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र के निदेशक एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. राम लखन सिंह सिकरवार को इंडियन बॉटनिकल सोसायटी द्वारा वर्ष 2025 का आई.बी.एस. एक्टिव पार्टिसिपेशन पुरस्कार प्रदान किया गया।




#### लायंस सेवा प्रसादम् के अनवरत 121 सप्ताह पूरे हुए

**सतना।** लायंस क्लब सतना विन्ध्य द्वारा मंगलवार को सेमारिया चौक काफी हाउस के सामने प्रसादम् सेवा में हनुमान जी को भोग लगा कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 900 लोगों को खिचड़ी वितरण किया गया । राजेश अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब सतना विन्ध्य द्वारा सात जुलाई 2023 से अनवरत संचालित सेवा फूड फॉर हंगर प्रसादम् जो कि सेमारिया चौक स्थित संकट मोचन हनुमान जी के मन्दिर के सामने प्रत्येक मंगलवार को रहती हैं.

# भू-अभिलेख के स्थान पर अब भू-संसाधन प्रबंधन

नवभारत न्यूज

**सतना 4 नवम्बर 2025/कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन ग्वालियर तथा म.प्र. राजपत्र (असाधारण) प्रकाशन दिनांक 26 अगस्त 2025 के अनुसार कार्यालय भू-अभिलेख के स्थान पर कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन, प्रबंधन किया गया है।**

इसी क्रम में कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख सतना के स्थान पर कार्यालय तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन सतना के नाम से पत्राचार एवं पदमुद्रा अंकित करना सुनिश्चित किया जायेगा।

**अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, होंगे कार्यपालिक मजिस्ट्रेट-** आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन द्वारा म.प्र. राजपत्र भाग-1 दिनांक 12 सितम्बर 2025 को प्रकाशित के परिपालन में अधीक्षक भू-अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के संवर्गो का क्रमशः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के संवर्ग में समायोजन किया गया है।



# बाबा निहाल दास दरबार में गुरु नानक जयंती मनी

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 नवम्बर. कंवर नगर सिन्धी कॉलोनी स्थित बाबा निहालदास गुरुद्वारा में गोपष्टमी तिथि से गुरु नानक जयंती की धूम मची हुई है.**

प्रातः 5 बजे से ही गुरुद्वारा प्रांगण से प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है जो श्री धन गुरु नानक सारा जगतारिया एवं राम नाम की आध्यात्मिक धुनों से नगर भ्रमण कर रही है, प्रभात फेरी का विभिन्न स्थानों पर बड़े ही उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ सर्व समाज द्वारा स्वागत किया जा रहा है गुरुद्वारा प्रमुख द्वारा अरदास करके सभी परिवारों हेतु गुरु नानक देव से सुख शांति हेतु प्रार्थना की जा रही है । स्वागत करने वालों में आहूजा परिवार,आसरानी परिवार, मोटवानी परिवार, गंगवानी परिवार, फुलवानी परिवार, लालवानी परिवार ,बजाज परिवार घोघवानी परिवार एवं कई लोग शामिल है। गुरुद्वारा प्रमुख विजय जिज्ञासी ने जानकारी देते हुए बताया आज 5नवंबर को प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी 12 बजे श्री भोग साहब, तत्पश्चात अटूट लंगर का वितरण एवं शाम 3-30 बजे से गुरु नानक देव की शोभायात्रा निकाली जाएगी ,जो सिंधी कॉलोनी के प्रमुख मार्गों का नगर कीर्तन एवं भ्रमण करते हुए वापस गुरुद्वारा में आकर विश्राम करेगी ।

# एक साथ 41 पालकियों में श्री जी की निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 नवम्बर. संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ति शिष्या एवं परम पूज्य विद्याकुल शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूज्यनीय आर्यिका माँ श्री अकम्पमति माताजी एवं आर्यिका मॉ श्री अचल मतीजी माताजी ससंघ के सानिध्य में 41 पालकियों में श्रीजी की शोभायात्रा निकली.**



इस आयोजन में संजीव भैया कटंगी एवं विकास भैया एवं पं. महेश भैया के निर्देशन में अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन श्री नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ दिगंबर जैन मंदिर में आज अंतिम दिन सर्वप्रथम श्री जी की अभिषेक शांति धारा हुई तत्पश्चात 600 इंद्र इंद्राणी द्वारा भक्तिमय संगीत के साथ नंदीश्वर दीप की पूजा हुई । तत्पश्चात सुखी रहे सब जीव जगत के की मंगल भावना एवं आत्म कल्याण की भावना एवं श्री मंदिर जी का निर्माण शीघ्र पूर्ण हो की भावना* के लिए हवन में आहुतियां दी गई । आज दिगंबर जैन समाज सतना के इतिहास में प्रथम बार 34 पालकियों में 34 भगवान विराजमान करके पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई जगह-जगह लोगों ने श्री जी का आरती वंदन किया। शोभायात्रा में समस्त पुरुष वर्ग से धोती दुपट्टा में थे एवं समस्त महिलाएं केसरिया साड़ी में शामिल हुई सभी के अंदर पूर्ण उत्साह था। समाधिस्थ श्री निर्मलकुमार जैन सर्राफ की भावना अनुरूप आयोजित इस विधान का समापन पर पुणर्याजक सर्राफ परिवार द्वारा सभी आत्मीय जन को स्नेह भोज कराया गया एवं सभी के प्रति इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।